# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश के शैक्षिक रूप से पिछड़े विकासखण्डों में 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित हैं। यह विद्यालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित हैं। प्रारंभ में यह विद्यालय कक्षा 6–8 तक संचालित किये गये जिन्हें चरणबद्ध तरीके से कक्षा 12 तक उच्चीकृत किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा प्रदान करते हुये शिक्षा प्रदान की जा रही है। उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जहां आवासीय सुविधा के साथ अकादमिक ब्लॉक स्वीकृत हैं, में गणित/विज्ञान विषय का चयन करने वाली बालिकाओं को प्रवेश दिया जाता है।

**पात्र बालिकायें–**

- 10 वर्ष से अधिक उम्र की अपवंचित व कमजोर वर्ग की स्कूल न जाने वाली बालिकायें
- कुल लक्ष्य में से 75 प्रतिशत बालिकायें अनु0जाति, अनु0जन0जा0, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदाय की हो और 25 प्रतिशत बालिकायें गरीबी की रेखा से नीचे के परिवारों की हों ।
- जिस ब्लॉक में जिस समुदाय का बाहुल्य हो वहां पर नामांकन में उस समुदाय की बालिकाओं का अधिक प्रतिनिधित्व होता है।

**स्टाफ**

- प्रत्येक विद्यालय में नियत मानदेय पर वार्डेन, विभिन्न विषयों के लिये शैक्षणिक प्रशिक्षित फुल टाइम तथा पार्ट टाइम स्टाफ की संविदा पर नियुक्ति की गयी है।
- 01 मुख्य तथा 02 सहायक रसोइया, सुरक्षा कर्मी, पीआरडी जवान तथा चौकीदार एवं चपरासी की व्यवस्था।

**उपलब्ध सुविधायें**

- प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से छात्राओं एवं शिक्षक उपस्थित एवं आवस्थापना सुविधाओ तथा अन्य गतिविधियों का प्रभावी अनुश्रवण
- साफ–सुथरा वातावरण में स्थित विद्युत युक्त आवासीय व्यवस्था, शुद्ध पेय जल, शौचालय, स्नानागार, बालिकाओं के दैनिक प्रयोग हेतु तेल, मंजन, ब्रश, साबुन, तौलिये, कंघी, यूनीफार्म, स्वेटर, चप्पल, बेड ,गद्दें, चादरें, रजाइयां, मच्छरदानी, तकिया इत्यादि व मानक के अनुसार उचित मात्रा में 3 बार–सुबह का नाश्ता, दोपहर का खाना एवं रात्रि का भोजन व भोजन में डाइट चार्ट के अनुसार भिन्नता व गुणवत्ता
- पाठ्यपुस्तक तथा स्टेशनरी की व्यवस्था
- प्रति छात्रा रू0 100/– प्रति माह की दर से 11 माह की स्टाईपेण्ड की धनराशि तथा निःशुल्क यूनीफार्म हेतु रू0 600/– की दर से डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भुगतान
- प्रत्येक बालिका का हेल्थ प्रोफाइल तथा नियमित स्वास्थ्य की जांच।
- प्रत्येक बालिका का शैक्षणिक प्रोफाइल।
- परिषदीय विद्यालयों के अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार शिक्षण की व्यवस्था
- मासिक टेस्ट, नैट परीक्षा तथा त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षा के माध्यम से नियमित शैक्षिक आंकलन।
- पुस्तकालय, विज्ञान व गणित लैब, आईसीटी लैब तथा कम्प्यूटर शिक्षा।
- मीना मंच, जीवन कौशल शिक्षा, गाइड प्रशिक्षण, एल्यूमनी बैठक तथा एक्सपोजर विजिट।

**शैक्षणिक नवाचार–**

- बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थाओं यथा आई.आई.टी. गांधीनगर गुजरात, खान अकादमी, जियो एम्बाइब द्वारा नवाचार से सम्बन्धित गतिविधियां, रचनात्मक व तार्किक कौशल, अवधारणात्मक समझ, सीखने के लिये सतत् मूल्यांकन के साथ ही साथ तकनीकी के यथासम्भव उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है।
- एक शब्द एक सूत्र के माध्यम से गणित विज्ञान एवं भाषा पर बालिकाओं का ज्ञान वर्द्धन।

**सुरक्षित वातावरण(स्वास्थ्य,सुरक्षा,आपातकालीन)**

- महिला होमगार्ड/पीआरडी की व्यवस्था
- निकटतम थाने या चौकी से नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था
- बालिकाओं को आत्मरक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण
- महिला चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य परामर्श व देखरेख
- विद्यालय परिसर में निर्धारित समय के बाद या रात्रि में किसी भी पुरुष का प्रवेश वर्जित
- आवागमन रजिस्टर में आने जाने सम्बन्धी विवरण
- अग्नि शमन यंत्र व फर्स्ट एड किट की उपलब्धता
- टेलीफोन की उपलब्धता बालिकाओं की सुरक्षा हेतु चहार–दिवारी
- प्रतिदिन बालिकाओं की दिन मे 3 बार रोल काल
- बालिकाओं के घर जाने की नियमावली
- बालिकाओं के साथ मित्रवत व्यवहार
- बीमारी ,आग लगना, विद्युत शार्ट सर्किट ,पानी का गंभीर अभाव, भूकम्प, बिल्डिंग में लीकेज, डैमेज,, करंट लगना, एक्सीडेन्ट आदि परिस्थितियों से बचने व निपटनें हेतु स्टाफ व बालिकाओं का प्रशिक्षण।

**केजीबीवी के चमकते सितारे–**


*केजीबीवी गंज मुरादाबाद, उन्नाव की पूर्व छात्रा कु. अर्चना ने दक्षिण अफ्रीका में अंडर–19 टी–20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया ।*



*के.जी.वी.बी. गंगेश्वरी, अमरोहा की पूर्व छात्रा कु. निधि का चयन यूपीपीएससी 2023 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है।*



*केजीबीवी पटवाई शाहाबाद, रामपुर की पूर्व छात्रा अंजलि को बागपत 2021 में जेल वार्डन के रूप में चुना गया* है




*केजीवीबी चरखारी, महोबा की पूर्व छात्रा निदा खातून का चयन NEET 2018 के माध्यम से एमबीबीएस के मेडिकल कोर्स के लिए हुआ है*

